## भाग - I (A)
## सामान्य हिन्दी

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के प्रश्नों के लिए सही विकल्पों का चयन कीजिए :**

'संस्कार' एक ऐसा शब्द है जिसका हम पोस्टमार्टम नहीं कर सकते । उसका रेशा-रेशा खोलकर नहीं दिखा सकते कि वह किन तत्त्वों से बना है । उसमें हमारी कितनी पुश्तों का योगदान है । एक तरह से वह हमारे मानसिक डी.एन.ए. की तरह है । कितने युगों, साधनों, स्मृतियों, परंपराओं के रासायनिक मिश्रण का योगफल । हमने उसे कब और कैसे पाया, उसमें से कितना अर्जित किया, कितना पुरखों के अनुग्रह से मिला, इसे जानना भी आसान नहीं । हमारे लिए यह जानना ज़्यादा आसान है कि अंतत: वही चीज़ें बचती हैं जो प्राणवान बनी रहें । सप्राण और निष्प्राण की पहचान हम चीज़ों के बढ़ने, पनपने की अंदरूनी ताकत से करते हैं । इस ताकत का होना या न होना ही विकसने - गिरने का कारक कारण है । बढ़ने की तरह चीज़ें घटती भी हैं । विकृत भी होती हैं । इस क्रिया की पहचान की महादेवी जी ने सुंदर व्याख्या की है । उनका कहना है, परिवर्तन हर चीज़ का नियम है । उसे तो हर हाल में होना ही है, पर परिवर्तन के दो रूप हैं – एक रूप है विकास, दूसरा रूप है विकृति । परिवर्तन दोनों दशाओं में होता है पर दोनों को एक ही श्रेणी में नहीं रखा जा सकता । एक उन्नति का परिचायक है, दूसरा अवनति का । संस्कार को हम इसी तुला पर तौलते हैं – कौन-कौन सी चीजें, कौन-कौन से अनुभव, कौन से दृश्य, कौन-सी सूचनाएँ हमें या हमारे व्यक्तित्व को आगे ले जाती हैं, कौन-सी पीछे । किन चीज़ों का फलयोग हमारे जीवन में उत्कर्ष की तरह सामने आता है, किनका अपकर्ष की तरह । रास्तों के चुनाव और अपनी संवेदना के इस्तेमाल के लिए यह समझ कारगर सिद्ध हो सकती है ।

1. परिवर्तन क्यों अनिवार्य है ?
   (1) ऊब से बचने के लिए
   (2) सतत विकास के लिए
   (3) पीढ़ियों का अंतराल
   (4) प्रकृति का नियम

2. सप्राण और निष्प्राण की पहचान है
   (a) गतिशीलता व गतिहीनता
   (b) विकासशीलता – विकृति
   (c) बढ़ना या घटना
   (d) ज्ञेय या अज्ञेय

   उपर्युक्त विशेषताओं के आधार पर सही उत्तर है
   (1) a, b, c (2) b, c, d
   (3) a, c, d (4) a, b, d

3. 'पोस्टमार्टम' का हिंदी पर्याय है
   (1) जाँच-परख (2) चीरफाड़
   (3) आलोचना (4) समर्थन

4. 'संस्कार' शब्द को परिभाषित करना क्यों कठिन है ?
   (1) शाब्दिक अर्थ कठिन है ।
   (2) यह एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम है ।
   (3) संस्कार को समझना पेचीदा है ।
   (4) संस्कार का अर्थ रूढ़ परंपरा समझा जाता है ।

5. किसी वस्तु की चिरंतनता को हम किस तुला पर तौलते हैं ?
   (1) लाभदायक – हानिकारक
   (2) परिवर्तनयुक्त – परिवर्तनमुक्त
   (3) विकसित – विकृत
   (4) सुंदर – असुंदर



**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के (6 से 10 तक) सही विकल्पों का चयन कीजिए :**

विवेकशीलता का अर्थ है सही और गलत की पहचान कर पाना और फिर सही के समर्थन में गलत का विरोध करना । यही है वह पक्षधरता जो मनुष्य को जागरूक बनाती है । हमारी त्रासदी यह है कि दृष्टा भाव से जीने को हम एक दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थ देकर अनायास अपना बचाव कर लेते हैं । दृष्टा भाव से जीने का कुछ भी ऊँचा अर्थ होता हो, सही के पक्ष में खड़े होने की आवश्यकता और महत्ता उससे कम नहीं होती । आज सवाल मनुष्यता के अस्तित्व का है, मनुष्यता अर्थात् वह भावना जो मानवीय आदर्शों से हमें जोड़ती है, जो यह अहसास कराती है कि मनुष्य होने के नाते हमारा यह कर्त्तव्य बनता है कि हम उचित के पक्ष में खड़े हों । अपने भीतर वह साहस पैदा करें जो अनुचित के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा बनता है । 'कोउ नृप होहि हमहिं का हानी' वाला मंथरा-दर्शन कुल मिलाकर हमें सजीव मनुष्य से निर्जीव वस्तु में ही परिणत करता है । अपने आप को निर्जीव वस्तु के रूप में देखना मनुष्य के लिए असंभव की हद तक मुश्किल है । लेकिन जब हम यह भूल जाते हैं कि सही-गलत की पहचान करके सही के साथ खड़े होना हमारी मनुष्यता का प्रमाण है, तो हमारे सजीव और सजग होने का अर्थ ही क्या रह जाता है ? सवाल मनुष्योचित सजगता को जीवित रखने का है । कहीं भी, किसी भी तरह से यदि कुछ गलत हो रहा है तो इस सजगता का तकाज़ा है कि हम अपना विरोध दर्ज कराएँ – स्वयं अपनी दृष्टि में मनुष्य बने रहने के लिए । यही है तटस्थता की विरुद्धता का दर्शन और यही हमारे मनुष्य होने का प्रमाण भी है ।

6. यहाँ 'तकाज़ा' शब्द का अर्थ है
   (1) शिकायत (2) माँग
   (3) ऋण (4) देनदार

7. लेखक को तटस्थता की विरुद्धता के दर्शन की आवश्यकता क्यों महसूस हुई ?
   (1) समय की माँग
   (2) अनेक वादों के प्रचार से बचने के लिए
   (3) मानवता के संरक्षण के लिए
   (4) अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए

8. गद्यांश में पक्षधरता से क्या आशय है ?
   (1) सही के समर्थन से
   (2) गलत के विरोध से
   (3) सही-गलत में पहचान न कर पाना
   (4) सही के समर्थन में गलत का विरोध

9. 'दृष्टा भाव' का प्रयोग लोग अधिकतर किसलिए करते हैं ?
   (1) आत्म-रक्षा के लिए
   (2) अपनी कायरता छिपाने के लिए
   (3) स्वयं को तटस्थ दिखाने के लिए
   (4) किसी पचड़े में न पड़ने के लिए

10. लेखक को मंथरा-दर्शन क्यों अच्छा नहीं लगता ?
    (1) स्वार्थ प्रेरित
    (2) कायरतापूर्ण
    (3) संवेदनहीन
    (4) निर्जीव बनाता है ।

Scanned by CamScanner

निम्नलिखित वाक्यों (11 – 20 तक) में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

11. (1) उसे मृत्युदंड मिला है ।
(2) उसे मृत्यु की सज़ा मिली है ।
(3) उसे तत्काल मौत की सज़ा मिली है ।
(4) उसे मृत्यु का दंड मिला है ।

12. (1) गाय का शुद्ध दूध यहाँ मिलता है ।
(2) यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है ।
(3) शुद्ध गाय का यहाँ दूध मिलता है ।
(4) यहाँ मिलता है गाय का दूध शुद्ध ।

13. (1) उनके पास कोई भी सामान खाने के लिए नहीं है ।
(2) कोई भी खाने का सामान उनके पास नहीं है ।
(3) उनके पास खाने का कुछ भी सामान नहीं है ।
(4) सामान नहीं है कोई भी उनके पास खाने का ।

14. (1) मेरे पिताजी के चित्र पर गुलाब की एक माला टँगी है ।
(2) एक गुलाब की माला मेरे पिताजी के चित्र पर टँगी है ।
(3) एक गुलाब की माला टँगी है मेरे पिताजी के चित्र पर ।
(4) एक गुलाब की माला चित्र पर टँगी है मेरे पिताजी के ।

15. (1) एक फूलों की माला लाओ ।
(2) फूलों की एक माला लाओ ।
(3) एक माला फूलों की लाओ ।
(4) फूल की माला एक लाओ ।

16. (1) उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से मुँह हटाने लगते हैं ।
(2) उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से मुँह चुराने लगते हैं ।
(3) उधार लेनेवाले प्रायः ऋणदाता से मुँह बनाने लगते हैं ।
(4) उधार लेने वाले प्रायः ऋणदाता से हटाने लगते हैं ।

17. (1) देश पंडित नेहरू का सदा आभारी रहेगा ।
(2) पंडित नेहरू का आभारी रहेगा सदा देश ।
(3) पंडित नेहरू का देश रहेगा आभारी सदा ।
(4) देश सदा आभारी रहेगा पंडित नेहरू का ।

18. (1) भारत में कई दर्शनीय स्थल योग्य हैं ।
(2) भारत में कई स्थल दर्शनीय हैं ।
(3) भारत में कई दर्शनीय स्थल हैं ।
(4) देखने योग्य स्थल भारत में कई हैं ।

19. (1) बाढ़ के प्रकोप से लोग तबाह हो गए ।
(2) बाढ़ के प्रकोप से अनेक लोग तबाह हो गए ।
(3) अनेक लोग तबाह हो गए बाढ़ के प्रकोप से ।
(4) बाढ़ अनेकों लोगों को तबाह करती है ।

20. (1) आप नौ बजे के करीब आए होंगे ।
(2) आप लगभग नौ बजे आए होंगे ।
(3) आप लगभग नौ बजे आए हैं ।
(4) करीब-करीब नौ बजे आप आए हैं ।



## PART – I (B)
## GENERAL ENGLISH

**Directions for Q. Nos. 21 to 25 :** Read the passage given below and answer the questions/complete the statements with the help of the most appropriate options that follow :

The man whose work made life easier for humankind had to pay a heavy price for his success. Faraday's last years were marked by physical and psychological exhaustion. He gradually lapsed into senility and passed away quietly on 25 August, 1867.

Faraday was possibly the greatest experimental scientist the world has ever known. But Faraday, the man, was just as great as Faraday, the scientist. His fight to overcome poverty, lack of education, ill-treatment and discouragement can be a source of inspiration to mankind for years to come. At one stage in his career he deliberately gave up working as a constultant for industries so that he could concentrate on pure science. it is stoically accepted the hardship that it entailed. It was the British monarch's intervention that helped secure for him a government pension. He spared some of his time and energy to inspire young school-going children to take up careers in science. His annual Pre-Christmas lectures on science to school children were loved by them all (and by adults too).

No tribute can be greater than what Sir William Bragg, the physicist, paid Faraday : "Prometheus, they say, brought fire to the service of mankind. Of that we cannot be sure', but electricity we certainly owe to Michael Faraday."

21. Faraday is compared to Prometheus because both were
(1) exceptionally brilliant.
(2) extremely hardworking.
(3) benefactors of mankind.
(4) dedicated and diligent.

22. The word 'intervention' as used in the passage means
(1) encouragement
(2) mediation
(3) motivation
(4) promise

23. What took a heavy toll on Faraday's health ?
(1) Poverty
(2) Excessive hard work
(3) Disturbed family life
(4) Unjust criticism of his rivals

24. Identify the statement which is false.
(1) Faraday lacked good and formal education.
(2) He was poor.
(3) He had no patron to encourage him.
(4) He had many professional rivals

25. Pursuit of pure science entails
(1) Failure
(2) Hardships
(3) Risks
(4) Huge resources

ctetadda.com
Scanned by CamScanner

**Directions for Q. Nos. 26 to 31 :** Complete each of the sentences given below with the help of the options that follow :

26. He was _______ by his boss for frequent late coming.
   (1) pulled down (2) pulled up
   (3) pulled in (4) pulled on

27. I _______ him for 20 years.
   (1) know
   (2) knew
   (3) could have known
   (4) have known

28. He told me that he _______ to take up the assignment.
   (1) is willing
   (2) was willing
   (3) has been willing
   (4) will be willing

29. A public man should be tolerant _______ criticism.
   (1) of (2) over
   (3) to (4) on

30. His parents often connive _______ his follies.
   (1) upon (2) at
   (3) with (4) over

31. The scheme _______ for want of resources.
   (1) fell down (2) fell of
   (3) fell through (4) fell over

**Directions for Q. Nos. 32 & 33 :** Which part of speech is the underlined word in each of the following sentences ?

32. They while away their evenings with books and games.
   (1) Verb
   (2) Adverb
   (3) Preposition
   (4) Conjunction

33. He left his brother behind and came back alone.
   (1) Noun
   (2) Adverb
   (3) Preposition
   (4) Adjective

**Directions for Q. Nos. 34 & 35 :** Each of the following sentences has an error. Identify the part which has the error.

34. It was undoubtedly (1) / the best of (2) / the two options (3) / given to him (4).

35. He was (1) / the imaginative child (2) / and would dream of doing (3) / great things (4).



**Directions for Q. Nos. 36-40 :** Read the passage given below and answer the questions/complete the statements with the help of the options that follow :

On 28 August, 1998, the statue of Birsa Munda was unveiled in the precincts of Parliament House by the President of India and Birsa Munda became the first tribal leader to join the galaxy of national leaders. The speeches delivered on the occasion described Birsa Munda as "a great social reformer", a "constructive genius" and above all an "enthusiastic nationalist", a "great freedom fighter", who "was like a 'Tulsi' plant grown in the premises of a household was ever ready to help others", an "exemplary son of mother India" who fought for her independence", an "emancipator of the Munda community in the long succession of Shri Ram, Shri Krishna and Jesus Christ", an "extraordinary statesman". The President of India placed the man and his movement in perspective and described Birsa Munda as an "early advocate and exponent of tribal rights" and as an "indomitable fighter against foreign rule and oppression". He led a movement which inter alia attracted a large number of women who suffered imprisonment, faced police bullets and embraced death. He underlined the relevance of the man and message for the tribals who are the protectors and preservers of "Jal, Jangle and Jantu", and appealed for the reexamination of the concept of development and progress for 'truly' sustainable development."

The family of Birsa Munda is in disarray, living in penury. The Birsaites as a whole, persecuted, harassed and isolated deserve a new deal.

The Mundas are still generally a poor and backward people and therefore a suitable strategy of accelerated development of the area and the people should be framed. The naming of the institutions and public places after Birsa Munda has continued and while political parties and social organizations vie with one another in paying their homage to the Munda leader, only a few have come up with a concrete programme to translate rhetoric into action.

36. The author's attitude to political parties and social organisations is
   (1) neutral (2) ambivalent
   (3) critical (4) biased

37. The word 'homage' as used in the passage means
   (1) admiration (2) servility
   (3) love (4) tribute

38. To whom did Birsa Munda urge to preserve and protect, 'Jal, Jantu and Jungle' ?
   (1) Social organisations
   (2) The common man
   (3) The tribals
   (4) The government

39. The best tribute to Birsa Munda would be to
   (1) bring the tribals in the mainstream.
   (2) ensure sustainable development.
   (3) bring about social reforms.
   (4) industrialise the tribal belt.

40. Identify the statement which is false.
   (1) Birsa Munda was a freedom fighter.
   (2) He was a great educationist.
   (3) He was an exemplary son of Mother India.
   (4) He was a great social reformer.

Scanned by CamScanner

## PART - II / भाग – II
## GENERAL AWARENESS / सामान्य जागरूकता

**41.** Match the following :

| A | | B | |
|---|---|---|---|
| i. | Raja Rammohan Roy | a. | Arya Samaj |
| ii. | Mahadev Govind Ranade | b. | Prarthana Samaj |
| iii. | Dayanand Saraswati | c. | Brahmo Samaj |
| iv. | Swami Vivekanand | d. | Ramkrishna Mission |

**Code :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | a | c | b | d |
| (2) | d | b | a | c |
| (3) | c | b | a | d |
| (4) | a | d | b | c |

**42.** Which among the following is <u>not</u> guaranteed as Right to Freedom under Article 19 of the Constitution of India ?

(1) Freedom to move freely throughout the territory of India

(2) Freedom of speech and expression

(3) Freedom from forced labour

(4) Freedom to reside and settle in any part of the territory of India

**43.** The crude birth rate (CBR) is expressed as

(1) $CBR = \frac{P}{Bi} \times 100$

(2) $CBR = \frac{Bi}{P} \times 100$

(3) $CBR = \frac{P}{Bi} \times 1000$

(4) $CBR = \frac{Bi}{P} \times 1000$

(CBR = Crude birth rate; Bi = Live births during the year; P = Mid year population of the area)

**44.** Who among the following received Arjuna Award for Hockey in the year 2016 ?

(1) Sylvanus Dung Dung

(2) V.R. Raghunath

(3) Subrata Paul

(4) Rajat Chauhan

**41.** निम्नलिखित का मिलान करें :

| सूची – A | | सूची – B | |
|---|---|---|---|
| i. | राजा राममोहन राय | a. | आर्य समाज |
| ii. | महादेव गोविन्द रानाडे | b. | प्रार्थना समाज |
| iii. | दयानंद सरस्वती | c. | ब्रह्मो समाज |
| iv. | स्वामी विवेकानंद | d. | रामकृष्ण मिशन |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | a | c | b | d |
| (2) | d | b | a | c |
| (3) | c | b | a | d |
| (4) | a | d | b | c |

**42.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सा स्वतन्त्रता के अधिकार के रूप में गारन्टीकृत <u>नहीं</u> है ?

(1) भारत के सम्पूर्ण क्षेत्र में स्वतन्त्रता से संचलन का अधिकार ।

(2) वाक् तथा अभिव्यक्ति का अधिकार ।

(3) बलात श्रम से मुक्ति ।

(4) भारत क्षेत्र के किसी भी भाग में आवास तथा बसने की स्वतन्त्रता ।

**43.** अशोधित जन्म दर (सी.बी.आर.) को किस रूप में व्यक्त किया जाता है ?

(1) $CBR = \frac{P}{Bi} \times 100$

(2) $CBR = \frac{Bi}{P} \times 100$

(3) $CBR = \frac{P}{Bi} \times 1000$

(4) $CBR = \frac{Bi}{P} \times 1000$

(CBR = अशोधित जन्म दर, Bi = वर्ष के दौरान जीवित जन्मे बच्चे, P = वर्ष के मध्य में क्षेत्र की जनसंख्या)

**44.** वर्ष 2016 में हॉकी के लिये अर्जुन एवार्ड (पुरस्कार) निम्नलिखित में से किसको मिला था ?

(1) सिलवेनस डुंग डुंग

(2) वी.आर. रघुनाथ

(3) सुब्रत पॉल

(4) रजत चौहान



**45.** Who had received the Sahitya Akademi award for Hindi literary work "Aag ki Hansi" for the year 2015 ?

(1) Ramesh Chandra Shah

(2) Ramdarash Mishra

(3) Mridula Garg

(4) Chandrakant Devtale

**46.** Among the following athletes, who is considered as greatest sprinter of all time and obtained the "triple-triple", three sprinting gold medals in three consecutive Olympics ?

(1) Gatlin Justin

(2) De Grasse Andre

(3) Bolt Usain

(4) James Kirani

**47.** Organise in an ascending chronological order the following dynasties of Delhi Sultanate :

1. The Tughlaqs
2. The Slave Sultans
3. The Khaljis
4. The Lodis

**Codes :**

(1) 2, 3, 1, 4

(2) 1, 2, 3, 4

(3) 4, 1, 2, 3

(4) 2, 1, 3, 4

**48.** The highest peak in the Eastern Ghats is

(1) Anai Mudi

(2) Mahendragiri

(3) Shevroy Hills

(4) Javadi Hills

**45.** हिन्दी साहित्यिक कृति "आग की हांसी" के लिए वर्ष 2015 का साहित्य अकादमी पुरस्कार किसको दिया गया था ?

(1) रमेशचंद्र शाह

(2) रामदरश मिश्र

(3) मृदुला गर्ग

(4) चंद्रकांत देवताले

**46.** निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी को पूर्ण रूप से सबसे बड़ा तेज धावक समझा जाता है और उसने लगातार तीन ओलंपिक खेलों में तेज दौड़ में स्वर्ण पदक जीते और 'ट्रिप्पल-ट्रिप्पल' का खिताब पाया ?

(1) गैटलिन जस्टिन

(2) डे ग्रास आंद्रे

(3) बोल्ट उसैन

(4) जेम्स किरानी

**47.** दिल्ली सल्तनत के वंशों को आरोही कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :

1. तुगलक वंश
2. गुलाम सुल्तान
3. खिलजी वंश
4. लोदी वंश

**कूट :**

(1) 2, 3, 1, 4

(2) 1, 2, 3, 4

(3) 4, 1, 2, 3

(4) 2, 1, 3, 4

**48.** पूर्वी घाटों की उच्चतम चोटी है :

(1) अनाई मुड़ी

(2) महेन्द्रगिरी

(3) शेवरॉय पहाड़ियाँ

(4) जावड़ी पहाड़ियाँ

Scanned by CamScanner

49. Match the Dances (List-A) with the States (List-B) :

| | List A | List B |
|---|---|---|
| i. | Bihu | a. Maharashtra |
| ii. | Mohiniattayam | b. Rajasthan |
| iii. | Lavani | c. Kerala |
| iv. | Bhavai | d. Assam |

**Code :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | d | c | a | b |
| (2) | d | a | b | c |
| (3) | c | b | a | d |
| (4) | a | c | b | d |

50. Which of the following characterize Indian Foreign Policy in the Nehruvian period ?

1. Non-alignment
2. Panchsheel
3. Promoting co-operation among South-Asian countries
4. Working for peace and decolonisation

**Codes :**

(1) 1, 2, 3
(2) 2, 3, 4
(3) 1, 2
(4) 1, 2, 4

51. Two South-Asian countries which became members of Shanghai Co-operation Organisation (SCO) during SCO summit in Uzbekistan's Capital Tashkent on June 23-24, 2016 are

(1) India, Sri Lanka
(2) India, Pakistan
(3) India, Afghanistan
(4) Pakistan, Bangladesh

49. नृत्यों (सूची-A) को राज्यों (सूची-B) के साथ सुमेलित करें :

| | सूची – A | सूची – B |
|---|---|---|
| i. | बिहू | a. महाराष्ट्र |
| ii. | मोहिनीआट्टयम | b. राजस्थान |
| iii. | लावनी | c. केरल |
| iv. | भवाई | d. असम |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | d | c | a | b |
| (2) | d | a | b | c |
| (3) | c | b | a | d |
| (4) | a | c | b | d |

50. नेहरू युग में भारतीय विदेश नीति की विशेषता निम्नलिखित में से कौन सी थी ?

1. गुटनिरपेक्षता
2. पंचशील
3. दक्षिण एशियाई देशों के मध्य सहकारिता को बढ़ावा देना
4. शान्ति और विउपनिवेशन के लिये कार्य करना

**कूट :**

(1) 1, 2, 3
(2) 2, 3, 4
(3) 1, 2
(4) 1, 2, 4

51. उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंत में जून 23-24, 2016 को एस.सी.ओ. शिखर सम्मेलन के दौरान कौन से दो दक्षिण एशियाई देश शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइज़ेशन (एस.सी.ओ.) के सदस्य बन गए थे ?

(1) भारत, श्रीलंका
(2) भारत, पाकिस्तान
(3) भारत, अफगानिस्तान
(4) पाकिस्तान, बांग्लादेश



52. The Human Development Report compares countries on which of the following standards ?

a. Education
b. Health
c. Per-capita income
d. Happiness

**Codes :**

(1) a, b, c,
(2) a, b
(3) a, b, c, d
(4) a, b, d

53. Which of the following was added in the Preamble of the Indian Constitution by 42[nd] amendment ?

(1) Sovereign and democratic
(2) Socialist and secular
(3) Secular and democratic
(4) Sovereign and socialist

54. Which among these Central Public Service Sector Enterprises comes under the category of Maharatna ?

(1) Bharat Electronics Limited
(2) Bharat Petroleum Corporation Limited
(3) Bharat Heavy Electricals Limited
(4) Oil India Limited

55. The molecular mass of $HNO_3$ is equal to

(1) 62 u
(2) 63 u
(3) 64 u
(4) 65 u

(u – Atomic mass units)

52. मानव विकास रिपोर्ट देशों की तुलना निम्नलिखित में से किन कसौटियों के आधार पर करती है ?

a. शिक्षा
b. स्वास्थ्य
c. प्रति व्यक्ति आय
d. आनन्द

**कूट :**

(1) a, b, c
(2) a, b
(3) a, b, c, d
(4) a, b, d

53. भारतीय संविधान के आमुख में 42वें संशोधन द्वारा निम्नलिखित में से क्या जोड़ा गया था ?

(1) प्रभुत्व सम्पन्न और लोकतान्त्रिक
(2) समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष
(3) धर्मनिरपेक्ष और लोकतान्त्रिक
(4) प्रभुत्व सम्पन्न और समाजवादी

54. निम्नलिखित सेंट्रल पब्लिक सर्विस सेक्टर एंटरप्राइजिज में से कौन महारत्न की श्रेणी में आता है ?

(1) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(2) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(3) भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(4) ऑयल इंडिया लिमिटेड

55. $HNO_3$ का आणविक द्रव्यमान किसके बराबर है ?

(1) 62 u
(2) 63 u
(3) 64 u
(4) 65 u

(u = परमाणविक द्रव्यमान इकाइयाँ)

Scanned by CamScanner

56. The maps which are drawn to show the ownership of land property by demarcating field boundaries of agricultural land and the plan of individual houses in urban areas are called

(1) Topographical maps
(2) Atlas maps
(3) Geological maps
(4) Cadastral maps

57. Match the Kingdoms with their Capitals :

| A (Kingdoms) | B (Capitals) |
|---|---|
| i. Pallavas | a. Badami |
| ii. Chalukyas | b. Madurai |
| iii. Pandyas | c. Kanchi |
| iv. Kadambas | d. Vaijayanti |

**Code :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | a | c | b | d |
| (2) | b | c | d | a |
| (3) | c | a | b | d |
| (4) | c | a | d | b |

58. Which country was supposed to host the 19th summit of SAARC which was cancelled recently ?

(1) Sri Lanka
(2) Bangladesh
(3) India
(4) Pakistan

59. Which among the following statements about the tertiary (service) sector in India is not correct ?

(1) This sector has become the largest producing sector.
(2) This sector has the largest share in the GDP.
(3) This sector has become important largely because of the growth in the basic services needs of the country.
(4) This sector has become the largest employer in the country.

56. कृषि भूमि और शहरी क्षेत्रों में वैयक्तिक घरों की क्षेत्रीय विभाजन रेखाओं को सीमांकित करके भू सम्पत्ति का स्वामित्व दर्शाने के लिए बनाये नक्शे (मानचित्र) क्या कहलाते हैं ?

(1) स्थलाकृतिक मानचित्र
(2) एटलस मानचित्र
(3) भूविज्ञान विषयक मानचित्र
(4) भूकर मानचित्र

57. राजा-रानी द्वारा शासित देशों को उनकी राजधानी के साथ सुमेलित करें :

| सूची – A (राज्य) | सूची – B (राजधानी) |
|---|---|
| i. पल्लव | a. बादामी |
| ii. चालुक्य | b. मदुराई |
| iii. पांड्य | c. कांची |
| iv. कदम्ब | d. वैजयन्ती |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | a | c | b | d |
| (2) | b | c | d | a |
| (3) | c | a | b | d |
| (4) | c | a | d | b |

58. सार्क का 19वाँ शिखर सम्मेलन जो हाल ही में रद्द कर दिया गया उसे किस देश में आयोजित किया जाना था ?

(1) श्रीलंका (2) बाँग्लादेश
(3) भारत (4) पाकिस्तान

59. भारत के तृतीय (सेवा) क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) ये क्षेत्र सबसे बड़ा उत्पादन क्षेत्र है ।
(2) जी डी पी में इसका सबसे बड़ा हिस्सा है ।
(3) देश की मूलभूत सेवाओं में संवृद्धि के कारण ही ये क्षेत्र महत्त्वपूर्ण बन गया है ।
(4) ये क्षेत्र देश के अन्दर सबसे बड़ा नियोक्ता बन गया है ।



60. The dimensional formula for $\frac{1}{2}mv^2$ is

(1) $[M^2LT]$
(2) $[ML^2T]$
(3) $[MLT^{-2}]$
(4) $[ML^2T^{-2}]$

61. Which among the following are the rights conferred on the consumer under the Consumer Protection Act of 1986 ?

a. Right to be informed
b. Right to choice
c. Right to represent
d. Right to redressal

**Keys :**

(1) a, d
(2) a, b, d
(3) a, b, c, d
(4) a, c, d

62. Match the following :

| A (Schedule) | B (Description) |
|---|---|
| i. First Schedule | a. Provisions for the administration of tribal areas |
| ii. Fifth Schedule | b. The States and Union Territories of India |
| iii. Sixth Schedule | c. Provisions for disqualification on the grounds of defection |
| iv. Tenth Schedule | d. Provisions for the administration and control of Scheduled areas and Scheduled Tribes |

**Code :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | b | d | a | c |
| (2) | b | a | d | c |
| (3) | a | d | b | c |
| (4) | a | b | c | a |

60. $\frac{1}{2}mv^2$ के लिए आयामी सूत्र है :

(1) $[M^2LT]$
(2) $[ML^2T]$
(3) $[MLT^{-2}]$
(4) $[ML^2T^{-2}]$

61. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत उपभोक्ता को निम्नलिखित में से कौन से अधिकार दिए गए हैं ?

a. सूचित (या जानकार) होने का अधिकार
b. चयन का अधिकार
c. प्रतिनिधित्व करने का अधिकार
d. निवारण का अधिकार

**कूट :**

(1) a, d
(2) a, b, d
(3) a, b, c, d
(4) a, c, d

62. निम्नलिखित का मिलान करें :

| सूची – A (अनुसूची) | सूची – B (विवरण) |
|---|---|
| i. प्रथम अनुसूची | a. जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिए प्रावधान |
| ii. पाँचवीं अनुसूची | b. भारत के राज्य और संघ राज्य क्षेत्र |
| iii. छठी अनुसूची | c. दलबदल के आधार पर अयोग्य ठहराने का प्रावधान |
| iv. दसवीं अनुसूची | d. अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातियों के प्रशासन तथा नियन्त्रण का प्रावधान |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | b | d | a | c |
| (2) | b | a | d | c |
| (3) | a | d | b | c |
| (4) | a | b | c | a |

ctetadda.com
Scanned by CamScanner

63. Paintings in the Mughal period was at its prime in the period of

(1) Jahangir
(2) Shahjahan
(3) Aurangzeb
(4) Akbar

63. मुगल काल में चित्रकारी किसके शासनकाल में अपने शिखर पर थी ?

(1) जहाँगीर
(2) शाहजहाँ
(3) औरंगजेब
(4) अकबर

64. Which of the following helicopter has been developed by Hindustan Aeronautical Limited (HAL) ?

(1) Bell UH-1Y Venom
(2) Light Utility Helicopter
(3) Boeing CH-47 Chinook
(4) Sikorsky UH-60 Black Hawk

64. हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिकल लिमिटेड (एच.ए.एल.) द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा हैलीकॉप्टर बनाया गया ?

(1) बेल UH-1Y विनोम
(2) लाइट यूटिलिटी हैलीकॉप्टर
(3) बोइंग CH-47 चिनूक
(4) साइकोर्स्की UH-60 ब्लैक हॉक

65. The method on which the process of separating the colloidal particles from the solvent and soluble solutes present in the colloidal solution by specially prepared filters, which are permeable to all substances except the colloidal particles are known as

(1) Vacuum filtration
(2) Dialysis
(3) Electro-dialysis
(4) Ultra-filtration

65. विशेष रूप से तैयार फिल्टरों से कोलाइड घोल, जो कोलाइड कणों को छोड़कर सभी पदार्थों में फैल सकता है, में विद्यमान घुलनशील विलेय और विलायक से कोलाइड को कणों पृथक करने की प्रक्रिया जिस विधि पर आधारित है उसे कहते हैं :

(1) वैक्यूम फिल्ट्रेशन
(2) डायलिसिस
(3) इलेक्ट्रो-डायलिसिस
(4) अल्ट्रा-फिल्ट्रेशन

66. The Duleep Trophy is a domestic first class cricket competition played in India between teams representing

(1) regional cricket associations
(2) various universities
(3) winner of previous Ranji Trophy against Rest of India
(4) Geographical zones of India

66. दुलीप ट्रॉफी देशीय फर्स्ट क्लास क्रिकेट प्रतियोगिता है । ये भारत में किन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले दलों के बीच खेला गया ?

(1) क्षेत्रीय क्रिकेट संगठन
(2) विभिन्न विश्वविद्यालय
(3) पिछली रणजी ट्रॉफी के विजेता की बाकी भारत के साथ प्रतियोगिता
(4) भारत के भौगोलिक क्षेत्र



67. "On the $26^{th}$ of January we are going to enter a life of contradictions. In politics we will have equality and in social and economic life we will have inequality". Who gave this statement ?

(1) Mohandas Karamchand Gandhi
(2) Jawaharlal Nehru
(3) Dr. B.R. Ambedkar
(4) Jaipal Singh

67. "26 जनवरी को हम अंतर्विरोधों के जीवन में प्रवेश करने जा रहे हैं । राजनीति में हमारे यहाँ समानता होगी और सामाजिक तथा आर्थिक जीवन में असमानता होगी ।" यह कथन किसका है ?

(1) मोहनदास करमचंद गांधी
(2) जवाहरलाल नेहरू
(3) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(4) जईपाल सिंह

68. The collenchyma

(1) consists of long, narrow cells with thick and lignified cell walls having a few or numerous pits. They are usually dead and without protoplasts.
(2) occurs in layers below the epidermis in dicotyledonous plants. It is found either as a homogeneous layer or in patches.
(3) performs various functions like photosynthesis, storage, secretion
(4) have small intercellular spaces

68. स्थूल कोणोतक में क्या होता है ?

(1) स्थूल तथा काष्ठकीय कोशिका भित्तियों के साथ लम्बी, संकीर्ण कोशिकाएँ होती हैं जिसके कुछ या कई गर्त होते हैं । वे प्राय: मृत होते हैं और आदिद्रव्य के बगैर होते हैं ।
(2) वे द्विबीजपत्री पौधों में बाहरी त्वचा के नीचे परतों में होते हैं । ये या तो समस्त परत में या थिगलियों में पाए जाते हैं ।
(3) ये विभिन्न काम जैसे फोटो-संश्लेषण, भंडारण और स्रवण करते हैं ।
(4) उनमें छोटे अंत:कोशिकामय स्थान होते हैं ।

69. The first meeting of the National Institute for Transforming India (NITI) Aayog was held in

(1) February 2016
(2) February 2015
(3) August 2014
(4) May 2015

69. नीति आयोग (एन आई टी आई) के राष्ट्रीय संस्थान की प्रथम सभा कब आयोजित की गई थी ?

(1) फरवरी, 2016
(2) फरवरी, 2015
(3) अगस्त, 2014
(4) मई, 2015

70. Shobha Gurtu is associated with which of the following vocal art form ?

(1) Khayal (2) Thumri
(3) Tarana (4) Bhajan

70. निम्नलिखित वाचिक कला रूपों में से किस रूप के साथ शोभा गुरतु का सम्बन्ध है ?

(1) ख्याल (2) ठुमरी
(3) तराना (4) भजन

cacetadda.com
Scanned by CamScanner

## PART – III / भाग – III

### GENERAL INTELLIGENCE, NUMERICAL ABILITY AND REASONING / सामान्य बुद्धिमत्ता, संख्यात्मक योग्यता एवं तर्क क्षमता

**71.** A family consists of six members P, Q, R, X, Y and Z. Q is the son of R but R is not mother of Q. P and R a married couple. Y is the brother of R. X is the daughter of P. Z is the brother of P. How is Q related to X ?

(1) Husband (2) Father
(3) Brother (4) Uncle

